भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.08.2024

## महाप्रबंधक ने किया नये शेल शॉप–2 का उद्घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 28.08.2024 को नवनिर्मित शेल शॉप–2 का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था इसकी निर्माण क्षमता में वृद्धि करके 2000 करने के विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। आरेडिका लगातार नये कोच शेल का निर्माण कर रहा है। इन कोचों के निर्माण के लिए एक अतिरिक्त शेल शॉप की आवश्यकता महसूस हो रही थी इसलिए नये शेल शॉप का निर्माण कार्य किया गया है। इस नवनिर्मित शेल शॉप–2 की लंबाई 270 मीटर एवं चौड़ाई 80 मीटर है।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि इसके बनने के उपरान्त रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि आयेगी और अतिरिक्त कोच, सामग्री तथा कोच शेल के निर्माण में सुविधा मिलेगी।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव ने बताया कि नवनिर्मित शेल शॉप–2 के निर्माण में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का प्रयोग किया गया है साथ ही इस शॉप के छत पर जगह–जगह पॉलिकार्बोनेट शीट लगाई गई है जिससे प्राकृतिक प्रकाश प्रचुर मात्रा में शेड के अन्दर मिल सके। इसके लगने से विद्युत की बचत भी होगी। इस शेल शॉप में 30 मीटर का ट्रेवर्सर एवं शेल एसेंबली फिक्स्चर लगाये गये हैं।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, सीएओ संजय कुमार कटियार, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, पीसीएससी रमेश चन्द्र और पीसीपीओ श्री रूपेश श्रीवास्तव सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी तथा कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

28.8.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी